भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न संख्या : **1766**

दिनांक 10 मार्च, 2021 / 19 फाल्गुन,1942 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

<u>हवाई किराए</u>

1766. श्री नीरज डांगी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हवाई किराए में 30 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है;
(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है;
(ग) क्या सरकार को वैश्विक महामारी के दौरान प्रति व्यक्ति आय में हुई कमी की जानकारी है;
(घ) यदि हां, तो क्या सरकार को हवाई किराए में वृद्धि से आम नागरिक को पड़ने वाले अतिरिक्त व्यय भार की जानकारी है; और
(ड.) यदि नहीं, तो किराए किए जाने से पहले इस विषय पर अध्ययन और विश्लेषण किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

<u>नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)</u>

(क) से (ड.): कोविड 19 के प्रसार की वजह से, अनुसूचित घरेलू प्रचालन दिनांक 25.03.2020 से निलम्बित कर दिए गए थे जिन्हें, यह सुनिश्चित करने के लिए कि एयरलइनें अत्यधिक किराया वसूल न करें और यात्रा केवल अनिवार्य प्रयोजन से की जाए, दिनांक 25.05.2020 से किराया सीमा (निम्न और उच्च सीमा) सहित चरणबद्ध तरीके से बहाल कर दिया गया। किराया संबंधी प्रतिबंध यात्रियों के साथ-साथ एयरलाइनों के हितों के संरक्षण का दोहरा उद्देश्य पूरा करता है। इन किराया सीमाओं को नियत करते समय एक इनपुट एयरलाइनों के प्रचालनों की लागत था। विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) प्रचालन लागत का एक महत्वपूर्ण घटक होता है। जब घरेलू विमानन को खोला गया था, उस समय कच्चे तेल की कीमत 20 डॉलर प्रति बैरल था, जो जनवरी 2021 में 60 डॉलर प्रति बैरल को छू गया। मंत्रालय ने स्थिति की समीक्षा की और

भारत की अनुसूचित एयरलाइनों के साथ परामर्श किया। कोविड-19 महामारी ने कारोबारों की राजस्व धाराओं को कुप्रभावित किया, जिनमें विमानन सेक्टर भी शामिल है, जिसने कम्पनियों/सरकार को लागत कटौती संबंधी उपाय अपनाने पर विवश किया, जिनसे प्रति व्यक्ति आय प्रभावित हुई है। विमानन सेक्टर को व्यवहार्य बनाने के साथ-साथ यात्रियों के हित संरक्षित करने के उद्देश्य से, किराया बैंड में फरवरी 2021 में निम्न किराए में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई और ऊपरी बैंड में 30 प्रतिशत की वृद्धि की गई और वर्तमान में किराया बैंड 30.03.2021 तक लागू हैं। तथापि, एयरलाइनें किसी किराया बैंड के न्यूनतम और अधिकतम किरायों के बीच मध्यम किराए से कम किराए के लिए बेचे जाने के लिए किसी उड़ान विशेष की टिकटों के कम से कम बीस प्रतिशत सहित किराया बैंड के भीतर किरायों पर निर्णय करने के लिए स्वतंत्र हैं।